**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## महावीर पुरस्कार रजत जयंती समारोह

## भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं-राज्यपाल श्री मिश्र

जयपुर, 3 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए उन्हें जीवन में अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि महावीर द्वारा प्रतिपादित नियम आज भी उतने ही प्रासंगिक है, जितने कि उनके समय में थे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को पाली के जाडन स्थित महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में महावीर पुरस्कार रजत जयंती समारोह आयोजित हुआ । उन्होंने इस अवसर पर भगवान महावीर की अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकान्तवाद आदि की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महावीर के सिद्धांत मनुष्य और प्राणिमात्र के प्रति करुणा से जुड़े हैं। महावीर का दर्शन पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थिकी संतुलन की सीख देता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठनों व प्रतिभाओं को सम्मानित कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल बनने के बाद से ही मेरी प्राथमिकता भारतीय संस्कृति व जीवन मूल्यों के प्रति कार्य करना रही हैं । इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान के मूल कर्तव्यों व उद्देश्यों का वाचन करवाया ।

4 श्रेणियों में अग्रणी रहे संस्थानों में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

राज्यपाल श्री मिश्र ने चार श्रेणियों में अग्रणी रहे संस्थानों कीं प्रतिभाओं को सम्मानित किया । अहिंसा व शाकाहार क्षेत्र में पीपुल्स फॉर एनिमल्स, सिरोही को , शिक्षा के क्षेत्र में अरुणाचल के श्री सत्यनारायण मुंडायोर तेजू ,चिकित्सा क्षेत्र में पश्चिमी बंगाल के श्री विवेकानंद मिशन आश्रम नेत्र निरामया निकेतन एवं समुदाय व सामाजिक क्षेत्र नागालैंड के नागालैंड गांधी आश्रम को प्रशस्ति पत्र ,चेक व भगवान महावीर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया ।

उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों व प्रतिभाओं का बेस्ट चयन किया ।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री जी एस सिंघवी व सेबी के पूर्व चेयरमैन श्री डीआर मेहता ने भी कार्यकम में संबोधित किया एवं स्वागत उद्बोधन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री प्रसन्नचंद जैन ने दिया ।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र के एमआईटीएस, जाडन पहुंचने पर जिला कलक्टर श्री नमित मेहता व जिला पुलिस अधीक्षक श्री गगनदीप सिंगला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया ।

------